# लाइसेंसी हथियारों से जमकर हुई फायरिंग

## वीडियो सामने आते ही सरपंच बेटे सहित तीन पर मामला दर्ज



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 30 नवम्बर।** जिले के घिंरोगी गांव में एक शादी समारोह के दौरान जमकर हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। यहां ग्वालियर से आए डांसरों के कार्यक्रम के बीच युवकों ने लाइसेंसी हथियारों से करीब 100 राउण्ड फायर किए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार घिंरोगी के सूरज भान गुर्जर के भतीजे राहुल पुत्र विनोद सिंह की शादी में रंगारंग कार्यक्रम रखा गया था। शादी में ग्वालियर से डांसर बुलाए गए थे। जैसे ही डांसरों का प्रदर्शन शुरू हुआ, कुछ युवक हथियार लेकर मंच के पास आ गए और लगातार फायरिंग करने लगे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में दस से ज्यादा बंदूकें मौजूद थीं और लगभग सौ राउण्ड से अधिक गोलियां चलाई गईं। भीड़ भरे कार्यक्रम में इस तरह की फायरिंग से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रही, लेकिन किसी ने उन्हें रोकने का प्रयास नहीं किया।

आरोपी युवक अरविन्द गुर्जर है, जो मुरैना विकास खण्ड की बड़बारी पंचायत के वर्तमान सरपंच राजवीर गुर्जर का बेटा है। शुक्रवार शाम एक शादी समारोह में अरविन्द ने अपने पिता की लाईसेंसी बंदूक से एक के बाद एक हर्ष फायर किए। वीडियो में वह एक कुर्सी पर बैठकर बंदूक को सामने की ओर तानकर लगातार फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। जैसे ही वीडियो पुलिस तक पहुंचा थाना पुलिस हरकत में आ गई। वीडियो के आधार पर तीन अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस शादी के आयोजकों से भी पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि हर्ष फायरिंग कानूनन अपराध है। वीडियो की जांच की जा रही है, आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हर्ष फायरिंग में शामिल किसी भी युवक को बख्शा नहीं जाएगा।

# पचेर में मीट मण्डी व अतिक्रमण पर जनता का फूटा आक्रोश

## 10 दिन में नहीं हटाए तो पूरा गांव सड़क पर करेगा अनशन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 30 नवम्बर।** मेहगांव क्षेत्र के ग्राम पचेर रासलदार बहरपुरा में जनता का सब्र टूट चुका है। यहां वर्षों से चली आ रही मीट मंडी की बदबू, मन्दिरों के पास फेंकी जा रही हड्डियां, बच्चों और महिलाओं के सामने मांस काटे जाने की घटनाएं, 25 फीट तक फैल चुका अतिक्रमण, सड़क जाम और नगर परिषद की लगातार अनदेखी, सब मिलकर आज गांव को विस्फोट की सीमा तक पहुंचा चुके हैं।

ग्राम वासियों ने सामूहिक निर्णय लेते हुए ऐलान किया है कि 10 दिन में समाधान नहीं हुआ तो बीच बाजार में अनशन पर बैठेंगे और इस बार किसी की अपील आंदोलन रोक नहीं पाएगी। सभा में ग्रामीणों ने बताया कि 50 हजार से अधिक लोगों का रोजाना आवागमन होता है, बड़े-बड़े स्कूल, कॉलेज हैं, धर्मशालाएं, वाटिकाएं हैं। लेकिन सड़क इतनी संकरी और गंदगी से भरी है कि बच्चे स्कूल जाते-आते उल्टी कर देते हैं, कई बालिकाएं बेहोश तक हो चुकी हैं, कई ने डर और शर्म के कारण पढ़ाई तक छोड़ दी। महिलाओं के गुजरने पर गंदी निगाहें, आवाजें, बदसलूकी सबके सामने आज खुलकर उठीं और जनता चुप नहीं रही।

ऐतिहासिक मन्दिर राम जानकी और दाऊजी का मन्दिर तथा समीप ही मुस्कान खेड़ा हनुमान मन्दिर है। जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन को पहुंचते हैं, वहीं बगल में मांस काटा जा रहा है, नाश्ते के ठेलों के पास हड्डियों का ढेर, सड़ांध और गंदगी फैली हुई है।

ग्राम वासियों ने आरोप लगाया कि ठेले वालों से हफ्ता वसूली, बिना नियम दुकानें खुलवाना, सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति और नगर परिषद की चुप्पी इन सबने व्यवस्था को सड़ा दिया है। किसी के पास बैठने की जगह नहीं, पानी की व्यवस्था नहीं, सड़क पर निकलना तक मुश्किल है, जनता ने इसे अब न्याय नहीं, अस्तित्व का मुद्दा बताया है।

सभा में प्रकाश नारायण बरुआ, रामकुमार त्यागी, शिवम बरुआ, शहाबुद्दीन खान, ब्रह्मानन्द बरुआ, शिवकुमार बरुआ, रामशंकर बरुआ, मोहन शर्मा, हल्ला जाटव, दिनेश जाटव, रामलाल जाटव, दिनेश कुशवाहा, जबर सिंह कुशवाहा, ज्ञानसिंह कुशवाहा तथा अनेक ग्रामीणजन मौजूद रहे।

इनका कहना है...
हम 15 साल से गंदगी, बदबू, अपमान और अतिक्रमण झेल रहे हैं। मीट मण्डी दो ऐतिहासिक मन्दिरों के बीच चल रही है, ये कैसा न्याय? अगर 10 दिन में कार्रवाई नहीं हुई, मण्डी नहीं हटी, सड़क साफ नहीं हुई, बालिकाओं के लिए रास्ता सुरक्षित नहीं बना तो पचेर गांव अनशन पर बैठेगा। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, सब सड़क पर उतरेंगे और मेहगांव प्रशासन जवाब देगा। आज पचेरा की लड़ाई सिर्फ मीट मण्डी हटाने की नहीं, सम्मान वापस लाने की है और अब जनता पीछे नहीं हटेगी।''
**राघवेन्द्र बरुआ**

## दुर्घटना में घायल युवक वारंटी निकला

**भिण्ड।** गोरमी में गुरुवार को सड़क हादसे में घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया, जहां घायल युवक वारंटी निकलने पर पुलिस ने उसकी निगरानी शुरू कर दी। मुरैना निवासी अजय उर्फ विकास 31 अपने दोस्त भूरा के साथ गुरुवार को मेहगांव आ रहा था। तभी बाइक की टक्कर में वह घायल हो गया, उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस बीच अस्पताल चौकी पुलिस को उसके फरार वारंटी होने की सूचना मिली। इस पर अटेर पुलिस अस्पताल पहुंची और उसे चोरी के मामले में फरार बताया।

## युवक ने की आत्महत्या

**भिण्ड।** जिले के अटेर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खरिका में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। विजयपाल पुत्र मनीराम कुशवाह निवासी ग्राम खरीका ने पुलिस को सूचना दी कि उसके रिश्तेदार अजीत कुशवाह पुत्र सत्यपाल उम्र 20 साल ने घर के कमरे में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए भेजकर विवेचना शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का दो दिवसीय मूल्यांकन शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,30नवम्बर।** जिले के पिथनपुरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का दो दिवसीय मूल्यांकन शिविर शनिवार को पूरा हुआ। एनक्यूएएस टीम सदस्य डॉ. नेहा शर्मा एवं डॉ. नूरूस ने स्वास्थ्य केंद्र में रहकर विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और निर्धारित मानकों के अनुरूप सेवाओं की समीक्षा की।

इस दौरान टीम ने पंजीयन, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, लैब, प्रसूति कक्ष, टीकाकरण कक्ष व वार्ड आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वच्छता व्यवस्था, रिकार्ड मेंटिनेंस, स्टाफ की कार्यप्रणाली, मरीजों से व्यवहार और सुरक्षा मानकों की भी जांच की गई। टीम ने संस्थान में उपलब्ध उपकरणों की स्थिति, मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और आपातकालीन सेवाओं की क्षमता को भी परखा। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. जेएस यादव, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीआर मौर्य, जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी डॉ. अवधेश सोनी, क्वालिटी नोडल डॉ. ब्रजभूषण पुरोहित, जिला प्रबंधन अधिकारी ज्योति राणा, एमएच कॉर्डिनेटर रीना यादव, ब्लॉक बीपीएम अखिल श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### अवैध रेत से भरा ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़ा

भिण्ड। लहार थाना क्षेत्रांतर्गत नानपुरा गांव के आगे पेट्रोल पंप के पास से पुलिस ने अवैध रेत से भरे ट्रेक्टर को पकड़ कर उसके चालक के विरुद्ध धारा 305(ई) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम को लहार पुलिस को सूचना मिली कि अवैध रेत भरा एक ट्रेक्टर नानपुरा गांव के पास से गुजरने वाला है। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेक्टर-ट्रॉली को मय रेत के जब्त कर थाने में रखवा दिया है।



# आनंद विकास शिक्षा समिति ने कराया सामूहिक विवाह सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**
**दबोह, 30 नवम्बर।** आनंद विकास शिक्षा प्रचार समिति के तत्वाधान में राम जानकी मंदिर, भिंड रोड गोहद चौराहा पर सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल चार जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वर-वधु ने एक-दूसरे को फूलमाला पहनाई तथा उपस्थित जनसमूह ने फूल वर्षा कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांत आर्य, प्रमोद कामत (पार्षद), मुनेश तोमर (पार्षद), दिनेश बौद्ध (आनंद समिति के प्रदेश सचिव) तथा लाला राम चौरसिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट कर उनके सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएँ दीं। समिति के सदस्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी जोड़ों के विवाह विधिवत सम्पन्न कराए गए। इस अवसर पर दिनेश बौद्ध ने कहा कि 'सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और गरीब परिवारों को दहेज जैसी कुप्रथा से बचाने का एक प्रभावी माध्यम है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए ऐसे आयोजनों को सभी का सहयोग मिलना चाहिए।' आयोजन प्रभारी लालाराम चौरसिया ने बताया कि आगामी 28 दिसंबर को समिति द्वारा पुनः सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# अंडर 16 फुटबॉल टूर्नामेंट में फर्स्ट स्टेप टीम बनी विजेता



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 30 नवम्बर।** शा. महर्षि अरविन्द महाविद्यालय में रविवार को फुटबॉल मैच का फाइनल फर्स्ट स्टेप तथा टचस्टोन के बीच खेला गया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच फर्स्ट स्टेप गोहद और लाल टिपारा पाठशाला ग्वालियर के बीच खेला गया। इसमें फर्स्ट स्टेप विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल टच स्टोन गोहद एवं सेवार्थ पाठशाला गोहद के बीच खेला गया। जिसमें टच स्टोन गोहद विजेता रहा। फाइनल में टच स्टोन गोहद एवं फर्स्ट स्टेप गोहद की टीम के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें फर्स्ट स्टेप विद्यालय की टीम 2-0 से विजयी घोषित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओपी दीक्षित ने की। मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी मनीष धाकड़ मोजूद रहे। प्रथम पुरस्कार अवधेश गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार डॉ. वीरेन्द्र गुप्ता की ओर से प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य आसाराम सगर, राजू बंसल, प्रेम नारायण, गिर्राज जी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोहद का विशेष सहयोग रहा। दूसरे दिन उदघाटन सत्र के पूर्व सभी टीमों के खिलाड़ियों एवं उपस्थित जन समुदाय द्वारा राष्ट्रगान कर टूर्नामेंट प्रारंभ किया गया। समारोह के अंत में दोनों रेफरी, बेस्ट प्लेयर अंकुश पाल, बेस्ट गोलकीपर राघव सोनी, सभी कोच एवं उपविजेता, विजेता टीम को मेडल सर्टिफिकेट तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व कुलपति विवेक पांडे, जगदीश नामधारी, एवं शहर के अन्य समाजसेवी अवस्थित रहे। मंच संचालन पूर्व सेना अधिकारी मनोज पाण्डे ने तथा आभार समिति के कोषाध्यक्ष मोहनलाल अहिरवार ने व्यक्त किया।

# गीता जयंती आज, निराला रंग विहार में होगा गीता महोत्सव

## श्रीमद् भगवदगीता के 15वें अध्याय का किया जाएगा सामूहिक सस्वर पाठ

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 30 नवम्बर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप इस वर्ष गीता जयंती के अवसर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन एक दिसंबर को किया जाएगा। जिला स्तर पर निराला रंग विहार में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सीईओ जिला पंचायत भिण्ड एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुनील दुबे ने बताया कि गीता जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में 1100 गीता पाठियों (विद्यार्थियों) द्वारा श्रीमद् भगवद गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ किया जाएगा।

### गीता जयंती महोत्सव पर आयोजन आज

भिण्ड। विश्व गीता प्रतिष्ठानम एवं मप्र शासन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी एक दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव भव्य एवं दिव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिला संयोजक विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि विश्व गीत प्रतिष्ठानम की योजना अनुसार मप्र शासन ने सभी तहसील, विकास खण्ड, जिला एवं संभाग स्तर पर गीता जयंती महोत्सव के भव्य आयोजन का संकल्प लिया है, जिसमें जिला स्तर पर 1100 एवं विकास खण्ड स्तर पर 500, संभागीय स्तर पर 5100 तथा उज्जैन एवं भोपाल में 11 हजार लोगों द्वारा गीता के 15वें अध्याय का कंठस्थ पाठ किया जाना सुनिश्चित है। स्थानीय प्रशासन, संस्थाओं और जनमानस से अपील है कि कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें, जितना भव्य कार्यक्रम होगा उतनी ही जिले की छवि प्रदेश में अच्छी बनेगी। सभी विकास खण्डो में सक्षम अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ ने पत्र जारी कर दिया है।

## महिला के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**भिण्ड।** जिले के गोरमी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम हरीक्षा निवासी एक विवाहित युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर दो आरोपियों के विरुद्ध धारा 70(1), 332(बी), 351(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ग्राम हरीक्षा निवासी 22 वर्षीय विवाहित महिला ने गोरमी थाना पुलिस को बताया कि शनिवार को आरोपीगण विपिन सखबार, विवेक सखबार निवासीगण ग्राम मुरलीपुरा उसके घर में घुस आए और जबरन उसके साथ मुहकाला किया। आरोपियों ने फरियादिया को जान से मारने की धमकी भी दी है।

# ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत

**भिण्ड।** नयागांव थाना क्षेत्रांतर्गत शनिवार की सुबह ट्रैक्टर में बैठकर मजदूरी के लिए जा रहे एक युवक की ट्रैक्टर से उछलकर गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार नयागांव निवासी 35 वर्षीय सरनाम सिंह पुत्र रामनिवास कुशवाह रोज की तरह सुबह मजदूरी के लिए निवसाई जा रहे थे। वह ट्रैक्टर में बैठे हुए थे, लेकिन कुछ दूरी चलते ही अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर से उछलकर नीचे गिर पड़े। गिरने से सरनाम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

**कार की टक्कर से राहगीर घायल:** सिटी कोतवाली क्षेत्र में इटावा रोड पर शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। ऊमरी के छक्कूपुरा निवासी 34 वर्षीय राघवेन्द्र यादव 17वीं बटालियन के पास पैदल जा रहे थे, तभी दुर्घटना हो गई। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय निवासियों ने उन्हें एम्बुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया गया।



# संविधान निर्माता राव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,30नवम्बर।** संविधान निर्माता सर बीएन राव की 78वीं पुण्यतिथि पर शहर के गोल मार्केट पर समाजसेवियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया।

इस अवसर पर एडवोकेट मोहित ऋषीश्वर (उच्च न्यायालय ग्वालियर) ने उन्हें याद करते हुए कहा कि सर वीएन राव ही असल संविधान निर्माता थे, कुछ तथाकथित नेताओं ने एक षड़यंत्र के तहत उनका नाम देश के लोगों के सामने नहीं आने दिया, संविधान के निर्माण में उनकी अहम भूमिका को अब देश के सामने लाया जाएगा। परशुराम सेना के अध्यक्ष देवेश शर्मा सोनू ने कहा कि सर्व समाज अब यह जान चुका है कि संविधान निर्माता बाबा अंबेडकर की कोई खास भूमिका संविधान निर्माण में नहीं थी, सर बीएन राव ने विश्व के हर देश का भ्रमण कर पहले गहन अध्ययन किया और फिर भारत के लिए संविधान की रचना की। उन्होंने सर बीएन राव साहब को भारत रत्न देने की भी मांग की। श्रद्धाजंलि देने वाले में कमलेश सैंथिया, मुकेश शर्मा, राजमणी शर्मा, राकेश दीक्षित, राहुल थापक, सूरज बरुआ, मोनू थापक चंदूपुरा, रघुराज तिवारी, रिशेन्द्र राजावत, दीपक शर्मा फूफ, जीतू भदौरिया जामपुरा, प्रवीण पुरोहित, सूर्यांश दुबे, रॉकी तोमर, अभिषेक शर्मा, कपिल शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# तेजी से निष्पादित हो रहे ट्रैक रिन्यूअल कार्य

**भोपाल,29 नवम्बर . पश्चिम मध्य रेल द्वारा मल्टी-ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना विकास के साथ-साथ अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत ट्रैक रिन्यूअल कार्य तेजी से किए जा रहे हैं.**


महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से ट्रैक नवीनीकरण से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता और गति के साथ पूरा किया जा रहा है. इन कार्यों में कंप्लीट ट्रैक रिन्यूअल, थ्रू रेल रिन्यूअल, थ्रू स्लीपर रिन्यूअल, थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल और डीप स्क्रीनिंग जैसे प्रमुख कार्य शामिल हैं. ये सभी कार्य संरक्षा से सीधे जुड़े होते हैं और इन्हें ट्रैफिक ब्लॉक लेकर उच्च दक्षता व सुरक्षा मानकों के साथ निष्पादित किया जाता है.



परिणामस्वरूप, चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के सात माह में पश्चिम मध्य रेल ने 238.82 ट्रैक किमी रेल नवीनीकरण, 153.46 ट्रैक किमी स्लीपर नवीनीकरण, 241 यूनिट टर्नआउट नवीनीकरण, 158 यूनिट्स टर्नआउट डीप स्क्रीनिंग तथा 386.63 ट्रैक किमी डीप स्क्रीनिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए हैं. इन नवीनीकरण कार्यों से ट्रैक संरचना की मजबूती बढ़ी है तथा यात्री गाड़ियों के सुरक्षित संचालन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है.

# फॉगसेफ्टी डिवाइस से ट्रेन संचालन सुरक्षित

- एफएसडी तकनीक से रेल संचालन को मजबूती
- फॉग डिवाइस से यात्री सुरक्षा




**भोपाल, 30 नवम्बर. शीतकालीन मौसम में घने कोहरे के दौरान सुरक्षित एवं सुचारू रुप से ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने हेतु भोपाल मंडल में प्रमुख ट्रेनों में फॉग सेफ्टी डिवाइस का व्यापक उपयोग किया जा रहा है.**

इस तकनीक ने ट्रेन संचालन की विश्वसनीयता बढ़ाई है और विलंब की संभावनाओं में कमी लाई है. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि मंडल में 341 फॉग सेफ्टी डिवाइस स्थापित किए गए हैं, जिनका शत-प्रतिशत उपयोग किया जा रहा है. एफएसडी एक जीपीएस आधारित नेविगेशन प्रणाली है, जो लोको पायलट को आगामी सिग्नलों, लेवल क्रॉसिंग, गति प्रतिबंध और तटस्थ खंडों की रियल टाइम जानकारी देती है.

## कवायद
### प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद नियुक्ति की गई

# कांग्रेस ने की जिला संगठन महासचिवों की नियुक्ति

**विशेष संवाददाता**

**भोपालः मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कई जिलों में जिला संगठन महासचिव (ऑफिस इंचार्ज) नियुक्त किए हैं।**




पार्टी ने कहा कि ये नियुक्तियाँ जिला स्तर पर संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है, ताकि कैडर नेटवर्क को सक्रिय किया जा सके और पार्टी की जड़ें और मजबूत हों।

पार्टी के अनुसार, नवीन दायित्व मिलने से संगठनात्मक कार्यों में तेजी आएगी और आने वाले दिनों में कांग्रेस के राजनीतिक ढांचे को अधिक प्रभावी, मजबूत और समन्वित बनाने में मदद मिलेगी।

निम्नलिखित व्यक्तियों को अपने-अपने जिलों के लिए जिला संगठन महासचिव (ऑफिस इंचार्ज) के रूप में नियुक्त किया गया है

| | |
|---|---|
| पुष्पराज सिंह | (उमरिया) |
| रितेश गुप्ता | (जबलपुर) |
| राधेश्याम सोमटिया | (राजगढ़) |
| पारितोष सिंह | (धार) |
| अजय राठौर | (उज्जैन सिटी) |
| राजेंद्र व्यास | (उज्जैन ग्रामीण) |
| संजय बाकलीवाल | (इंदौर शहर) |
| दौलत पटेल | (इंदौर ग्रामीण) |

कांग्रेस ने विश्वास जताया कि नई नियुक्तियाँ संगठन को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## दिग्विजय ने मतदान केंद्र पर दिखाई अनियमितताएं

**भोपाल,30 नवम्बर.** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण सर्वे में अनियमितताओं की शिकायतों की जांच के लिए नरेला विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया. अपने निरीक्षण के दौरान वे मतदान केंद्र क्रमांक 189 पहुंचे, जहां स्थानीय कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने उन्हें मकान क्रमांक 70 की मतदाता सूची दिखाई. इसी दौरान सिंह की नजर परिसर में लगे आरएसएस के बोर्ड पर पड़ी, जिसे देखकर वे हैरान रह गए. घर के अंदर उन्हें गौतम आर्या मिले, जो नवीन नगर स्थित ज्योतिबा फुले शाखा के मुख्य शिक्षक हैं. जो भाजपा की चुनाव तैयारियों के लिए समन्वय केंद्र के रूप में भी उपयोग में लाया जा रहा था. सिंह ने इसे चुनाव आचार संहिता और प्रक्रिया का गंभीर उल्लंघन करार दिया.

# कथित टिप्पणी पर जेन-जी का प्रदर्शन

## आईएएस अधिकारी पर युवाओं का आक्रोश



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,29 नवम्बर. राजधानी में शनिवार को आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की एक बेटी को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में जेन-जी युवाओं का आक्रोश उफान पर दिखाई दिया.**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के बाहर सैकड़ों युवाओं ने पंडित आशीष शर्मा के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया.

प्रदर्शन के दौरान संतोष वर्मा के पुतले को गधे पर बैठाकर शहर में घुमाया गया, जूते-चप्पलों से पिटाई की गई और बाद में प्रतीकात्मक रूप से उसे आग के हवाले किया गया.

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पंडित आशीष शर्मा ने कहा कि यह मामला केवल एक समाज का नहीं बल्कि 'मध्यप्रदेश की सभी बेटियों के सम्मान' से जुड़ा हुआ है. उन्होंने दोषी अधिकारी पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने और निलंबन की मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार की मानसिकता किसी भी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के लिए अस्वीकार्य है. वहीं कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने प्रदर्शन स्थल पर भाजपा पर तीखा हमला बोला.

उन्होंने कहा, 'संतोष वर्मा के बयान से पूरे सवर्ण समाज में आक्रोश है, लेकिन भाजपा के ब्राह्मण नेता चुप बैठे हैं. क्या उनका जमीर मर गया है? जब बेटियों के सम्मान पर चोट पहुंचाई जा रही है, तब ये नेता सड़क पर क्यों नहीं उतर रहे? प्रदेश में ऐसी अभद्र मानसिकता को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. 'आशीष शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा. उन्होंने कहा, 'आज हमने उनके पुतले की पिटाई की है. अगर सरकार ने जल्द स्त्रद्धक्र और निलंबन नहीं किया, तो त्नश्वह्–' युवाओं के साथ हम संतोष वर्मा को उनके घर से निकालकर गधे पर बैठाकर पूरे मध्यप्रदेश में जुलूस निकालेंगे. 'प्रदर्शन में अभिषेक द्विवेदी, लक्की चौबे, अक्षय तोमर, रवि परमार, प्रतीक यादव, अंकित शर्मा, आदित त्रिपाठी, साहिल प्रताप सिंह, अमित बूबड़े सहित सैकड़ों सवर्ण समाज के युवा शामिल हुए, जिन्होंने चेताया कि दोषी अधिकारी पर कार्रवाई होने तक यह आंदोलन जारी रहेगा.